5/26/22, 11:53 AM
25052022_1.jpg (960×641)

**सौगात** • पूरे बरसात मोतनाजे में स्टोरेज होगा पानी, जलाशय में गंगाजल गिरते देख भाव-विभोर हुए सीएम, कहा-

# योजना की प्लानिंग के दौरान ही निश्चय किया था कि गंगाजल की सप्लाई से पेयजल संकट होगी दूर

सिटी रिपोर्टर | नवादा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट लगभग पूरा होने को है। संभावना है कि जुलाई से जिलेवासियों के लिए गंगाजल की सप्लाई शुरू हो जाएगी। खुद सूबे के मुखिया नीतीश कुमार ने इस बात की घोषणा की है। वे मंगलवार को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट गंगाजल उद्भव परियोजना का निरीक्षण करने का नारदीगंज प्रखंड के मोतनाजे में पहुंचे। नीतीश कुमार गंगा उद्भव योजना का सफल ट्रायल देख खुश दिखे। 21 मई को योजना का सफलतापूर्वक ट्रायल होने के 3 दिन बाद मुख्यमंत्री इस प्रोजेक्ट को देखने पहुंचे और सफल ट्रायल देख कर खुश हुए। वहां मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के सफल संचालन से राजगीर व गया की जरूरतें पूरी होंगी। अभी ट्रायल हो रहा है। बरसात के दिनों में गंगा नदी से पानी का स्टोरेज होगा और जुलाई महीने में परियोजना को चालू कर दिया जाएगा। परियोजना से आम लोगों को शुद्ध जल मुहैया कराया जाएगा। इस ट्रीटमेंट प्लांट से नवादा को भी वाटर सप्लाई दी जाएगी। 3 दिन पहले ही इस प्लांट का सफल ट्रायल हुआ और पहली बार इतनी मात्रा में गंगा का पानी नवादा की धरती पर पहुंचा है। मुख्यमंत्री के समक्ष भी स्टोरेज व गंगाजल को शुद्ध करने का ट्रायल किया गया।

## मुख्यमंत्री के समक्ष किया गया ट्रायल, पम्प हाउस से गंगा जल की अविरल धारा देख झूम उठे सभी

**190 किलोमीटर तक पाइप लाइन से गंगा जल पहुंचाने की योजना, 91 किलोमीटर तक हुआ सफल परीक्षण**



ट्रायल के दौरान मौजूद सीएम नीतीश कुमार व अन्य।

### अधिकारियों से कार्यान्वित होने वाले योजनाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया

मुख्यमंत्री ने परियोजना के कार्यों के साथ-साथ क्लोरिन हाउस, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट आदि का निरीक्षण किया एवं उपस्थित अधिकारियों से कार्यान्वित होने वाले योजनाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। परियोजना के तहत फिल्टर हाउस, यूटिलिटी बिल्डिंग, कैरली फ्लोक्कुलेटर, केमिकल हाउस, फ्लोरिन हाउस, स्लैग बेल, वाश वाटर टैंक आदि का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। सीएम के साथ जल संसाधन मंत्री संजय झा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पटना आयुक्त संजय अग्रवाल, डीएम उदिता सिंह, एसपी गौरव मंगला समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### रिकार्ड 29 महीने में पूरा हुआ काम नवादा पहुंची गंगाजल

गंगा जल परियोजना के लिए कैबिनेट से 28 दिसंबर, 2019 को मंजूरी दी गई थी। बताया जाता है कि इस योजना में 3000 करोड़ रुपये से योजना का निर्माण किया गया है। इसके लिए 51 किलोमीटर की दूरी में चैनल का निर्माण किया गया है। योजना के तहत गिरियक से पानी ले जाने के लिए तीन रास्ते तय किए गए हैं और पाइपलाइन बिछाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। एक तरफ राजगीर और दूसरी तरफ नवादा के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है।

### जुलाई से जिलेवासियों के लिए शुरू हो जाएगी गंगाजल की सप्लाई

मोकामा के हाथिदह से 190 किलोमीटर लंबे पाइपलाइन के जरिए मोतनाजे तक गंगा नदी का जल पहुंचाया गया है। इस योजना से राजगीर, नवादा, गया आदि क्षेत्रों में जल संकट का समाधान होगा। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के समय पम्प हाउस से गंगा जल की अविरल धारा प्रवाहित हुई जिसे देखकर अधिकारी और आम जन काफी खुशी जाहिर किए और उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर मां गंगा के जल का हृदय से स्वागत किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के समय चार महीने गंगा का जल यहां मिलेगा। मोतनाजे से गंगा जल का वितरण पम्प के माध्यम से नवादा, गया आदि क्षेत्रों में किया जाएगा। नवादा में पौरा गांव के पास गंगा जल उद्भव परियोजना का जलाशय का निर्माण किया जा रहा है। यहां से गंगाजल को शुद्ध कर पाइप के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सुलभ कराई जाएगी। यह सब नियोजित कार्य है जो ससमय गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। गंगाजल उद्भव योजना का सफल ट्रायल के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दिखी।

https://wrd.fmiscwrdbihar.gov.in/documents/2022/25052022_1.jpg